04 स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन युवा दिवस पर...





07 राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद...




## खबर संक्षेप

### विदिशा की रामलीला के लिए भूमिपूजन आज

**विदिशा।** विदिशा की प्राचीनश्री रामलीला मंचन प्रारंभ करने के लिए एक दिन पहले 13 जनवरी मंगलवार की सुबह 10 बजे रामलीला परिसर में समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमिपूजन होगा। रामलीला समिति के सचिव डॉ अनिल शर्मा के अनुसार 14 जनवरी मकर संक्रांति से रामलीला का शुभारंभ शिव बारात से होगा और 9 फरवरी तक भगवान श्रीराम की शोभायात्रा के साथ समापन होगा। 14 जनवरी को शिव बारात का माधवगंज से दोपहर बाद 3 बजे से शुभारंभ होगा। रामलीला प्रांगण पहुंचकर शाम 7 बजे शिव विवाह होगा।15 जनवरी को सुबह 11 बजे गंगादर्शन और रामलीला मंचन में नारद मोह लीला होगी। 16 जनवरी प्रतापभानू श्राप, स्वयंभुव मनु, शतरूपा तप तक की लीला का मंचन होगा। 17 जनवरी को रावण जन्म और इंद्र मेघनाद युद्ध लीला का मंचन होगा। 18 जनवरी रविवार को श्रीराम जन्म महोत्सव और बाल लीलाओं का शानदार मंचन किया जाएगा।

### राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश जारी

**विदिशा।** जिले में राजस्व वसूली की प्रगति तेज करने के उद्देश्य से संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मोहनी शर्मा ने सभी तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से संबंधित समस्त जानकारी प्रतिदिन शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से गूगल शीट में अपडेट की जाए, ताकि जिला स्तर पर नियमित निगरानी हो सके। निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक तहसील में विशेष अभियान चलाकर बकाया मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रगति की नियमित समीक्षा होगी तथा लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### आंगनबाड़ी में संख्या बढ़ाने का अभियान शुरू

**विदिशा।** जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जनसंख्या के अनुपात में पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 12 जनवरी से 20 जनवरी तक विशेष राज्य स्तरीय अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का अनिवार्य रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकन किया जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 6 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों का नाम आंगनबाड़ी केंद्र में अवश्य दर्ज कराएं।

### कलेक्टर ने स्थानीय अवकाश घोषित किए

**विदिशा।** कलेक्टर अशुंल गुप्ता ने वर्ष 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। उक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय एवं उप कोषालयों पर लागू नहीं होंगे। स्थानीय अवकाश में गुरुवार 15 जनवरी को मकर सक्रांति, शुक्रवार 25 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी महोत्सव और बुधवार 11 नवम्बर को भाईदूज का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विदिशा रामलीला मेला में आने आमंत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा रामलीला के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर उन्हें रामलीला मेला समिति द्वारा आयोजित 125वें वार्षिक रामलीला उत्सव में पधारने का आमंत्रण दिया।

विदिशा में पिछले सवा सौ सालों से परंपरागत रामलीला का आयोजन जन-जन की सहभागिता से निरंतर होता आ रहा है। मुख्यमंत्री ने इस आदर्श आयोजन के संचालन के लिए समिति के पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्हें जानकारी दी गई कि यह आयोजन विदिशा के विश्वनाथ शास्त्री द्वारा प्रारंभ किया गया था। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री लखन पटेल, समिति के सचिव डॉ. अनिल शर्मा सहित पं सुरेश शर्मा शास्त्री, पं संजय पुरोहित, केएन शर्मा, पं नारायण प्रसाद शर्मा, अनुपम गहोई, प्रेमनारायण शर्मा, पं रवि चतुर्वेदी, हरिशंकर अग्रवाल, राम शर्मा, कप्तान सिंह यादव और संदीप डोगर सिंह मौजूद रहे। पूरा मेला परिसर रंगीन रोशनी से सराबोर हो चुका है। झूले आदि भी मेले में आ गए हैं।



**विदिशा।** मुख्यमंत्री मोहन यादव को आमंत्रित करते हुए मेला समिति पदाधिकारी।



**विदिशा।** रामलीला मेला समिति द्वारा पूरे मेला परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा कर रोशन कर दिया गया है।

### तेंदुए की दस्तक से ग्रामीण क्षेत्र सहित शहर में दहशत का माहौल

## 3 जगह तेंदुआ, एक जगह कैमरें में कैद अलर्ट जारी, कई इलाकों में सर्चिंग तेज



रात में पुलिस, वन विभाग की टीम कर रही निगरानी

**बंदूक के साथ खेतों में दवा का छिड़काव करा रहे किसान**



**विदिशा।** ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक की सूचना के बाद गुलाबगं क्षेत्र में बंदूक लेकर खेत में दवा का छिड़काव।

- वन विभाग ने कुछ स्थानों पर कैमरा ट्रैप भी लगाए हैं।
- गुलाबगंज क्षेत्र में रात में घरों से निकलने में कतरा रहे लोग।
- एक दिन में 25 से 30 किमी तक चलता हैं तेंदुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के अलग-अलग इलाकों में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए की मौजूदगी की खबरें सामने आ रही हैं। गुलाबगंज के ग्रामीण क्षेत्र, पठारी इलाका और विदिशा शहर से सटी कॉलोनियों के पास तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिली है। हालांकि अब तक तेंदुए द्वारा किसी व्यक्ति पर हमले की कोई पुष्टि नहीं हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले दो दिनों से गुलाबगंज और आसपास के गांवों में तेंदुआ घूमता नजर आ रहा है। खेतों में तेंदुए जैसे पैरों के निशान मिले हैं और कुछ जगहों के वीडियो भी सामने आए हैं। विदिशा शहर के हाईवे बायपास से सटी कॉलोनियों के पास भी लोगों ने तेंदुआ देखने की बात कही है। रविवार को ग्राम खजूरी और धतुरिया के बीच स्थित एक वेयरहाउस के पास तेंदुए को देखे जाने की सूचना मिली। बताया गया कि तेंदुआ वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है। इसके बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने संबंधित इलाकों में अलर्ट जारी किया है। वन विभाग के डीएफओ हेमंत यादव सहित वन अमला गांव-गांव जाकर लोगों को सतर्क करने में जुट गया है। साथ ही तेंदुए की तलाश के लिए सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। डीएफओ हेमंत यादव ने बीती रात विदिशा शहर के आसपास और गुलाबगंज के ग्रामीण इलाकों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में वन प्राणियों की आवाजाही बढ़ जाती है और संभव है कि तेंदुआ रास्ता भटककर रिहायशी इलाकों के पास आ गया हो।

### मवेशियों के नुकसान पर मिलेगा मुआवजा

डीएफओ ने लोगों से अपील की है कि यदि तेंदुआ किसी मवेशी का शिकार करता है तो अपनी जान जोखिम में न डालें। मवेशियों के नुकसान की स्थिति में शासन द्वारा मुआवजा दिया जाएगा। धतुरिया हवेली में दो गायों की मौत के बाद ग्रामीणों ने तेंदुए या बाघ के हमले की आशंका जताई थी। मृत गायें घनश्याम दांगी की हैं। हालांकि वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह घटना तेंदुए या बाघ की नहीं, बल्कि जंगली कुत्तों के हमले की है।

### कैमरा ट्रैप और ड्रोन से निगरानी

वन विभाग ने कुछ स्थानों पर कैमरा ट्रैप लगाए हैं और अन्य इलाकों में भी लगाने की तैयारी की जा रही है। ड्रोन से सर्चिंग की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि रायसेन की ओर से कोई वन प्राणी भटककर आ सकता है, जो एक दिन में 25 से 30 किमी मूवमेंट कर सकता है। वन विभाग की टीमें निगरानी कर रही हैं। लोगों से सतर्क रहने अपील की है।

## बेतवा नदी में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ बेतवा उत्थान समिति ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी





हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेतवा नदी के बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ बेतवा उत्थान समिति ने गुरुवार को माधवगंज चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। समिति ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते नदी को नालों के जहरीले पानी से नहीं बचाया गया तो विदिशा को भी बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ सकता है। प्रदर्शनकारियों ने इंदौर की हालिया घटना का हवाला दिया, जहां प्रदूषित जल के कारण 21 लोगों की जान जा चुकी है।

समिति ने कहा कि उनका उद्देश्य प्रशासन को जगाना है, ताकि विदिशा में ऐसी घटना न दोहराई जाए। शहर के पांच बड़े नालों का गंदा और जहरीला पानी सीधे बेतवा में मिल रहा है, जिससे जलीय जीवन और शहरवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो यह जनचेतना अभियान आगे चलकर उग्र आंदोलन का रूप ले सकता है। धरने में मौजूद स्थानीय नागरिकों ने भी आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि बेतवा उनकी आस्था से जुड़ी है और वे इसे गंदा नाला बनते हुए नहीं देख सकते।

### दावों के बावजूद बदलाव नहीं हुआ

प्रदर्शनकारियों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों पर बेतवा की सफाई को लेकर पिछले 40 वर्षों से किए जा रहे बड़े-बड़े दावों को पूरा न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में नदी को शुद्ध करने के वादे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कोई बदलाव नहीं आया है। बेतवा उत्थान समिति ने मांग की कि शहर के पांचों प्रमुख नालों के प्रदूषित जल को तत्काल नदी में मिलने से रोका जाए। नदी की तलहटी में जमा गंदगी और जहरीले तत्वों की सफाई के लिए ठोस और समयबद्ध योजना बनाई जाए। समिति ने स्पष्ट किया कि धरना केवल विरोध नहीं, बल्कि प्रशासन को चेताने के लिए है।

## उम्मीद बनी विदिशा पुलिसः महाराष्ट्र में फंसे 20 मजदूर सुरक्षित घर लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अपनों की वापसी का सुखद क्षण तब देखने को मिला जब विदिशा पुलिस की संवेदनशील पहल से महाराष्ट्र में बंधक बने 20 आदिवासी मजदूर सकुशल अपने गांव लौटे।

6 जनवरी को थाना दीपनाखेड़ा को सूचना मिली कि ग्राम बरबटपुर के मजदूरों को 500 रुपए प्रतिदिन मजदूरी का लालच देकर महाराष्ट्र ले जाया गया, जहां उनसे जबरन काम कराया जा रहा था। सूचना मिलते ही दीपनाखेड़ा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच व संपर्क स्थापित किया। मजदूरों के ग्राम गिरोली, थाना वाशी, तहसील भूम, जिला धराशिवा (महाराष्ट्र) में होने की पुष्टि हुई। मामले से एसपी रोहित काशवानी को अवगत कराया गया, जिन्होंने धराशिवा के पुलिस अधीक्षक से समन्वय कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। विदिशा पुलिस के मानवीय प्रयासों से सभी 20 मजदूर सुरक्षित अपने घर पहुंचे। परिजनों के चेहरों पर लौटी मुस्कान इस संवेदनशील कार्रवाई की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।



## राम पर टिप्पणी के विरोध में अभिभाषक संघ ने सौंपा ज्ञापन, सख्त कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भगवान श्रीराम को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में अभिभाषक संघ ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

सिरोंज में हाल ही में भीम आर्मी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भगवान राम को लेकर की गई टिप्पणी से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। अभिभाषक संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम सहित सख्त कानूनी धाराओं में तत्काल कार्रवाई की जाए। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए गए तो अभिभाषक संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि वकीलों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि उक्त मामले में संबंधित व्यक्ति का कोई भी अधिवक्ता प्रकरण नहीं लड़ेगा। संघ का कहना है कि धार्मिक आस्था और भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी टिप्पणी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### बावना नदी का पुल ऊंचा करने की मांग कर चक्काजाम किया

**ग्यारसपुर।** तहसील के ग्राम दैयरपुर इमलाघाट स्थित बावना नदी के पुल पर शुक्रवार को 5 गांवों के ग्रामीणों ने एकजुट होकर चक्काजाम किया। चक्काजाम के चलते कुछ समय तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने बताया कि उन्हें ग्यारसपुर जनपद पंचायत पहुंचकर बैठक में शामिल होना था, लेकिन चक्का जाम के कारण वे समय पर नहीं पहुंच सके। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष बारिश के मौसम में बावना नदी उफान पर आ जाती है। पुल की ऊंचाई कम होने के कारण पानी पुल के ऊपर से बहने लगता है, जिससे आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि तेज बहाव में बह जाने से अब तक कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि बावना नदी के पुल को शीघ्र ऊंचा नहीं किया गया तो आगामी चुनावों में मतदान का बहिष्कार किया जाएगा। ग्रामीणों ने एक स्वर में पुल को ऊंचा बनाने की मांग रखी।

### जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर लगा

## 75 शिकायतों में से 56 का मौके पर ही समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन जन शिकायत निवारण शिविर लगाया गया। जिसमें एसपी रोहित काशवानी मौजूद रहे।

**शिकायतों पर समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए**

दिसंबर माह की शिकायतों एवं 50 दिन से अधिक समय से पेंडिंग सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिले के विभिन्न अंचलों से आए लगभग 75 फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इनमें से 56 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसपी रोहित काशवानी ने स्वयं फरियादियों से बात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निराकरण वैधानिक प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन आमजन को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और सीएम हेल्पलाइन को एक प्रभावी माध्यम के रूप में उपयोग किया जा रहा है। शिविर में एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह, एसडीओपी बासौदा शिखा भल्लावी, एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**विदिशा।** शिविर के दौरान आवेदकों की शिकायत सुनते हुए एसपी रोहित काशवानी

## विवेकानंद जयंती व शांति देवी की स्मृति में कायस्थ समाज ने 35 यूनिट रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कायस्थ समाज द्वारा विवेकानंद जयंती एवं समाजसेवी स्वर्गीय शांति देवी श्रीवास्तव की स्मृति में शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुशवाह सहित अतिथियों एवं रक्तदाताओं द्वारा किया गया। शिविर में कुल 35 यूनिट रक्तदान हुआ। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि 25 पुरुष एवं 10 महिलाओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं व ब्लड बैंक टीम को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र प्रदान किए गए। खेल प्रतिभा सम्मान मानस व आयुष्मान श्रीवास्तव को दिया गया। चित्रगुप्त पीठ मंत्र लेखन साधकों में उपेंद्र श्रीवास्तव प्रथम, रामनारायण सक्सेना द्वितीय एवं राजेश सक्सेना तृतीय रहे। जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक टीम को भी सम्मानित किया गया। वहीं कायस्थ सभा के पदाधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई। कायस्थ सभा के पूर्व अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-6010
सरसों
न्यूनतम भाव-4377
उच्चतम भाव-7400
चना
न्यूनतम भाव- 4100
उच्चतम भाव- 5741
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6505
ज्वार
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-6701
मक्का
न्यूनतम भाव-1350
उच्चतम भाव- 1705
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3580
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-3872
उड़द
न्यूनतम भाव-5750
उच्चतम भाव-6520
गेंहू
न्यूनतम भाव-2380
उच्चतम भाव-3645
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3211
मूंग
न्यूनतम भाव-6210
उच्चतम भाव-6210

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 25124 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### मां बेतवा को चढ़ाई जाएगी चुनरी

**गंजबासौदा।** मां बैत्रवती व्रत पर्वोत्सव मेला समिति द्वारा मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन बेतवा रिपटा घाट पर जाएगा। इस महोत्सव के अंतर्गत दोपहर 2 से 3 बजे तक भजन-कीर्तन, सुंदरकांड का पाठ होगा। दोपहर 3 से 4 बजे तक गंगा पूजन और दीपदान का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे से मां बेतवा को 651 फीट लंबी चुनरी व श्रृंगार चढ़ाया जाएगा। इसके बाद आरती और प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### सारेगामा प्रतियोगिता आज

**गंजबासौदा।** बरेठ रोड नवीन बस स्टैंड स्थित रामलीला ग्राउंड में भव्य रामलीला मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रहीं हैं। मेले के सांस्कृतिक मंच पर रात्रि 8 बजे से रामलीला मंच सारेगामा प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले आयोजित होगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

### बिजली प्रदाय रहेगा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बताया गया कि मंगलवार को राजेन्द्र नगर फीडर पर मेंटेनेंस कार्य होने के चलते दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक क्षेत्र में बिजली प्रदाय बंद रहेगा।

### नगर की अनेक शासकीय व अशासकीय संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए

# स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन युवा दिवस पर जगह-जगह हुए सूर्य नमस्कार के आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को युवा उत्सव के रुप में अनेक शासकीय, अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में मनाया गया। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसन, योग सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विकास खंड स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार शासकीय उत्कृष्ट उमावि में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे राष्ट्रीय गीत, वन्देमातरम तथा मध्यप्रदेश गान के सामूहिक गायन से हुआ। तत्पश्चात पूर्व की भाँति रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री का रिकॉर्डेड संदेश प्रसारित किया गया। सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का योगाभ्यास योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी विकास खंड योग प्रभारी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश तिवारी ने हर आसन, प्राणायाम, योगाभ्यास से होने वाले विभिन्न लाभ बच्चों को बताऐ ताकि वो इसे अपनी दिनचर्या मे शामिल कर सके। एसडीएम संतोष बिटौलिया ने सूर्य नमस्कार को सभी आसनों का राजा बताते हुऐ हर रोज नियमित आधा घंटा योग सूर्य नमस्कार प्राणायाम को देने की बात कही। एसडीओपी शिखा भलावी ने ध्यान को आत्मा के लिऐ अनिवार्य बताते हुऐ उसकी महत्ता समझाई। विकास खंड योग समिति अध्यक्ष चंद्रकुमार तारण ने योग के अष्टांग नियम, गीता में श्रीकृष्ण द्वारा योग की महिमा को बताया। विकास खंड स्तरीय योग कार्यक्रम के संयोजक प्राचार्य एमसी शर्मा ने सूर्य नमस्कार प्राणायाम योगाभ्यास के माध्यम से कठिन से कठिन लक्ष्य को हासिल करने की बात कही। कार्यक्रम संचालन डीके ओझा ने किया, जबकि आभार एनसीसी अधिकारी अनिल दुबे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रूपेन्द्र शर्मा, तहसीलदार अरविंद यादव, सीईओ तपस्या जैन, बीइओ परता अहिरवार, बीआरसी बृजेंद्र सिंह रघुवंशी चिकित्सक विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, संस्थाओं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व जन प्रतिनिधि शामिल हुऐ। वहीं शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में रन फार स्वदेशी का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। यह सूर्य नमस्कार महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय में स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर राजीव गांधी जनचिकित्सा के माध्यम से आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर अफसाना मंसूरी, डॉक्टर बृजेश अहिरवार, डॉक्टर विवेक लडिया, डॉ. अरविंद नोडिया, उषा कार्यकर्ता रीना सिलावट, टीना झा ने मार्गदर्शन दिया। उक्त कार्यक्रम डॉक्टर कंचन वैद्य के नेतृत्व में किया गया।

वहीं सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेंडरी स्कूल में सेवा श्रम कार्यक्रम में योगाचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि योग चित्त की वृतियों से मुक्त होने का अध्यात्म विज्ञान है। यदि साधक अकेला सूर्य नमस्कार को दिनचर्या का अंग बना ले, तो वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर परमात्मा स्वरूप हो जाता है। योग और मंत्र जाप की शक्ति से नरेन्द्र विवेकानंद बन सके। संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य ही बालक का शारीरिक, मानसिक, आत्मिक और चारित्रिक विकास करना है। कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान एवं बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार, आसन और प्राणायाम का अभ्यास किया गया। वहीं सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार, योग–प्राणायाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक सशक्तिकरण के साथ-साथ स्वदेशी, स्वावलंबन एवं राष्ट्रनिर्माण की भावना का विकास करना रहा। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनामिका प्रजापति के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. पुष्पा बर्डे, डॉ. खुमेश सिंह ठाकुर, एनएसएस अधिकारी शिवकुमारी रघुवंशी, मनीष सेन, व्यक्ता अहिरवार, कृतिका प्रकाश, डॉ. अपेक्षा बाजपेयी, अनीशा भारद्वाज, डॉ. बृजेश वर्मा, डॉ. संजय राय, लेखा शाखा प्रमुख निखिल शर्मा, रंजीत सेन, रानी सिंह राय, सोनू राजपूत, अनूप शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।


गंजबासौदा। खण्ड स्तरीय सूर्य नमस्कार में भाग लेते गणमान्य नागरिक


गंजबासौदा। एसजीएस में सामुहिक रुप से सूर्य नमस्कार करते विद्यार्थी एवं स्टॉफ


गंजबासौदा। सेंटएसआरएस में हुआ सामुहिक सूर्य नमस्कार


गंजबासौदा। सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम

वहीं नवांकुर विद्यापीठ में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित हुआ। नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना और स्काउट गाइड के तत्वावधान में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी विजय कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षक गणों को योग करने के लाभ बताते हुए सूर्य नमस्कार करवाया, प्राणायाम करने की विधि बताई तथा अन्य आसन क्रियाओं के बारे में भी समझाया। इस अवसर पर नवांकुर और डॉल्फिन के विद्यार्थियों के अलावा डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेतली, शिक्षिका नीतू तनवानी, क्रीड़ा प्रभारी गौरव भारद्वाज, स्काउट मास्टर भागीरथ शर्मा, संदीप जैन, रासेयो सहायक प्रभारी विनय सोनी तथा विद्यालय परिवार के अन्य शिक्षक शिक्षिकाऐं भी उपस्थित थे।उधर उदयपुर के उदयपुर, त्योंदा, कस्बा बागरोद, सिरनोटा के शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूलों सहित विभिन्न गांवों के शासकीय एवं निजी स्कूलों में भी सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ।

### स्वामी विवेकानंद के चित्र पर किया माल्यार्पण



**गंजबासौदा।** सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस पर नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, रूपेन्द्र शर्मा, अंटू तोमर एवं शासकीय कन्या उमावि स्टेशन मंडी में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही युवा दिवस पर योग प्राणायाम सूर्य नमस्कार के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने वार्ड क्रं.11 के बीएलओ के साथ बूथ क्र 60, 61 पर SIR सर्वे कार्य की समीक्षा कर गति प्रदान करने का आग्रह किया।

## विधिक साक्षरता शिविर संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर त्योंदा रोड स्थित राजीव मेमोरियल, हायर सेकंडरी विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य,युवा दिवस का उद्देश्य, सूचना का अधिकार, निजता का अधिकार, साइबर अपराध व उनसे बचाव, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, शिक्षा का महत्व, शिक्षा का अधिकार निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्प लाईन 15100 के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया।

शिविर में संजीव कुमार अरोरा अधिवक्ता, पीएलवी सुनील राजपूत, पीएलवी सौरभ कुशवाह एवं विद्यालयीन स्टॉफ से ए के जैन डायरेक्टर, एन के जैन सचिव, प्राचार्य कविता अग्रवाल, राम मनोहर कुर्मी, मंजू भारद्वाज, रवि कुशवाह, कलश जैन, महक शर्मा एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पंजाबी महिला समिति ने गर्म कपड़े वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




पंजाबी महिला विकास समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सोमवार को समिति अध्यक्ष स्वदेश छाबड़ा परिवार द्वारा उनकी माताजी की पुण्यतिथि में बच्चों एवं बुजुर्गों को गर्म कपड़े वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति की सचिव अनीता अरोरा, पायल अरोरा, मंजू अरोरा, नवनीत छाबड़ा, प्रीत छाबड़ा, रेखा अरोरा, संध्या अरोरा, राज अरोरा, सुदेश अरोरा, रजनी मेहता, अजुनी छाबड़ा, नन्हीं रुबाणी छावड़ा सहित बड़ी संख्या में पंजाबी महिला विकास समिति की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

### राजू सोलंकी इलेक्ट्रॉनिक्स संघ अध्यक्ष बने



**गंजबासौदा।** रविवार को इलेक्ट्रीशियन संघ अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें राजू सोलंकी उर्फ जगदीश 43 मतों से विजयी हुए। इलेक्ट्रीशियन संघ द्वारा नियुक्त समिति में इलेक्ट्रीशियन संघ जिला विदिशा से पदधिकार भूपेंद्र कुशवाहा, पूरन प्रजापति, अन्नू विश्वकर्मा, रवींद्र शुक्ला, दिलीप तोमर, कमल सिंह कुशवाहा, गौरव पंथी, उमेश सैनी, सुरेश लोधी, बाबूराम जाटव शामिल रहे। इस समिति ने चुनाव संपन्न कराए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 6 उम्मीदवार चुनाव में उतरे थे। इस दौरान कुल 164 वोट डाले गए जिसमें रामस्वरूप दांगी 17, रमेश कुशवाहा 25, राजू सोलंकी 68, सुधीर तिवारी 26, अभिषेक जैन 4, शैलेंद्र भार्गव को 24 वोट मिले। विजयी अध्यक्ष राजू सोलंकी का इलेक्ट्रीशियन संघ के सदस्यों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मोनी हार्डवेयर वाली गली में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में रुकमणी विवाह के बाद सप्तम दिवस में पंडित सुनील शास्त्री द्वारा बताया गया कि भगवान द्वारकाधीश को श्यामंतक मणि का कलंक लगा तथा जामवंत से भगवान कृष्ण का युद्ध, जामवंत की पुत्री जामवती से भगवान कृष्ण का विवाह तथा भगवान कृष्ण को कलंक से मुक्त होना तथा सत्राजित का भ्रम दूर होना बताया गया। शास्त्री ने कथा में बताते हुए भोमासुर द्वारा हर लाई 16100 रानियां को भगवान कृष्ण मुक्त करते हैं तथा उन रानियों से भगवान कृष्ण का विवाह होना। इस प्रकार भगवान कृष्ण के 16108 विवाह संपन्न होना तथा कथा में आगे बताते हुए शास्त्री ने बाणासुर की कथा सुनाई। आगे कथा में जरासंध की कथा सुनाई तथा उसका बाद शास्त्री ने महाभारत की भी संक्षिप्त रूप में कथा सुनाई। आगे कथा में सुदामा चरित्र के साथ सप्त दिवसीय कथा संपन्न हुई। वहीं कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लिया।

### गो सेवा से जीवित रखी सनातन परंपरा

# माता-पिता की पुण्यतिथि पर गोसेवा कर दी समाज को दिशा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कहते हैं जहां करुणा है, वहीं धर्म है और जहां गौसेवा है, वहीं आज मानवता जीवित दिखाई देती है। जब शीतलहर से रातें कांप उठती हैं और जीवन की गति ठहर-सी जाती है, तब नगर में एक दंपती करुणा की ऐसी तपस्या में लीन दिखाई देता है, जो अपनी निस्वार्थ सेवा से सीधे-सीधे हृदय को स्पर्श कर जाती है। पिछले 6 वर्षों से पति–पत्नी अपने माता–पिता की पुण्यतिथि को केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि गौमाता की सेवा का महापर्व बना चुके हैं। हर वर्ष वे नगर की उन गौशालाओं तक पहुंचते हैं, जो जनसहयोग से संचालित हैं। जहाँ पीड़ित घायल, विकलांग और बेसहारा गौमाता जीवन का संघर्ष कर रही होती हैं। प्रत्येक गौशाला में एक-एक कुंटल गुड़ तथा आवश्यक औषधीय सामग्री भेंट की जाती है। सर्द रातों में स्वयं गौमाता को गुड़ खिलाना उनके लिए केवल सेवा नहीं, बल्कि माता–पिता की स्मृति में की गई साधना है।

कड़ाके की सर्दी और ठिठुरती रातों के बीच जब अधिकांश लोग अपने घरों में सिमट जाते हैं, तब नगर में यह दंपती बेसहारा, बेजुबान और पीड़ित गौवंश के लिए करुणा का दीप जलाए हुए हैं। ज्ञात हो कि सदर बाजार पंजाबी मोहल्ला निवासी पेशे से शिक्षक मनीष अरोरा अपनी धर्मपत्नी संध्या अरोरा के साथ रात के समय सड़कों पर बेसहारा घूमने वाले गौवंश को औषधियुक्त गुड़ खिलाते हैं, उक्त दंपती आज समाज में मानवीय संवेदना और सनातन संस्कारों का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इस अवसर पर जनसहयोग से संचालित नगर की उन गौशालाओं को प्राथमिकता दी जाती है, जहाँ असहाय और पीड़ित गौ माता की निःस्वार्थ सेवा हो रही है। प्रत्येक चयनित गौशाला में एक एक कुंटल गुड़ भेंट स्वरूप भेजा जाता है, ताकि सर्दी में गौ माताओं को ऊर्जा और स्वास्थ्य लाभ मिल सके। अरोरा दंपती मानते हैं कि माता–पिता के लिए सच्ची पुण्यांजलि वही है, जो जीव मात्र के कल्याण में अर्पित हो। गौसेवा को वे केवल दान नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत साधना मानते हैं। गौशाला संचालकों का कहना है कि इस प्रकार की निरंतर सेवा समाज को नई दिशा देती है। यह संदेश देती है कि पुण्यतिथि केवल रस्म नहीं, सेवा के साथ-साथ पुण्य अवसर भी हो सकती है।

### एक सप्ताह से नगर में पड़ रही तेज सर्दी

**गंजबासौदा।** एक सप्ताह से नगर भर में मौसम ने अपना मिजाज बदल रखा है। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहने के साथ घना कोहरा छा रहा है। विजिबिलिटी काफी कम होने के कारण वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें सुरक्षित यात्रा के लिए वाहनों की लाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। मौसम में तेज हवाओं के चलते सर्दी बढ़ गई है। सुबह के समय लोगों को ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि, यह मौसम किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। कोहरे और ठंडे मौसम का असर तेवड़ा, मसूर की फसलों को छोड़कर सभी रबी फसलों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि वर्तमान मौसम गेहूं और चने की फसलों के लिए बेहद फायदेमंद है। सुबह से लेकर शाम तक लोगों को तेज सर्दी का अहसास हो रहा है।

## रजत जयंती पर प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




सोमवार को रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह युवा दिवस के अवसर पर सुबह 11.30 बजे शासकीय एसजीएस कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विधाओं के एवं 10वी,12वी में विद्यालय के टॉपर्स 247 बच्चों का सम्मान किया गया। जिसमें सभी विद्यालय के मेधावी छात्र, एनसीसी, एनएसएस, खेल एवं विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने वाले मेधावी छात्रों का, सोशल मीडिया पर एक्टिव युवा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश तिवारी संस्थापक रक्त सेवा समिति रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने की। समिति के अध्यक्ष राकेश जैन विद्युत, महिला शाखा की संरक्षक प्रमिला तिवारी, उपाध्यक्ष सुनीता दुबे, युवा शाखा के अध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित, परवेज फजलानी ,अनिल दुबे, सौमित्र तिवारी, राम आदित्य उपस्थित थे। मोहित भार्गव ने कार्यक्रम का संचालन किया। आभार शुभेन्द्र सिंह राजपूत ने व्यक्त किया और समिति के विभिन्न सदस्यों ने छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। समिति के पदाधिकारी के साथ, महिला शाखा के पदाधिकारी, युवा शाखा के पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पालक, नागरिकगण उपस्थित रहे। संस्थापक राजेश तिवारी ने संकल्प कराया कि हम सब रक्तदान के जागरूकता के कार्यक्रम में सहभागी रहेंगे, रक्तदान करेंगे और हम स्वयं चलते-फिरते ब्लड बैंक के रूप में रक्त की पूर्ति करेंगे। साथ ही नशा नहीं करने का भी संकल्प दोहराया। इस अवसर पर समिति के अनेक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### स्वामी विवेकानंद जी का सम्पूर्ण जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत: एसडीएम

# राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शासकीय सांदीपनि विघालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शाला के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने सहभागिता की। इस मौके पर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा,नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव,नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, शाला प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार,बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव,वरिष्ठ शिक्षक सत्यनारायण शर्मा,भारती सक्सेना,अर्चना मेहरा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय देते हुए बताया विवेकानन्द ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी। जिसमें धर्म या जाति के आधार पर मनुष्य-मनुष्य में कोई भेद न रहे। उन्होंने वेदान्त के सिद्धान्तों को इसी रूप में रखा। अध्यात्मवाद बनाम भौतिकवाद के विवाद में पड़े बिना भी यह कहा जा सकता है कि समता के सिद्धान्त का जो आधार विवेकानन्द ने दिया उनसे सबल बौद्धिक आधार शायद ही ढूंढा जा सके। विवेकानन्द को युवकों से बड़ी आशाएं थीं। आज के युवकों के लिये इस ओजस्वी संन्यासी का जीवन एक आदर्श है। नपा अध्यक्ष मन मोहन साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का सम्पूर्ण जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन, लक्ष्य के प्रति समर्पण और राष्ट्रहित में कार्य करने का मार्ग दिखाया। उनका यह संदेश ‟उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए आज भी युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

वही सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार कर योग व स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का संदेश सुनाया गया, जिसमें युवाओं से योग अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की गई। साथ ही स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो भाषण के विचारों को स्मरण करते हुए युवाओं को आत्मविश्वास और लक्ष्यबद्ध जीवन का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम अनुशासन और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### योग करके मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

स्वामी विवेकानंद की जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में ग्राम पंचायत गरेंठा हाई सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्या अर्पण एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य श्रीपाल गौतम द्वारा बताया कि आज जिन महान पुरुष की जन्म जयंती है जिन्होंने यह संदेश दिया था कि उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रको जो हमारे विद्यालय परिवार और छात्र-छात्राओं के लिए प्रमुख संदेश है हमारे छात्र-छात्रों को सबसे पहले उठकर प्राणायाम सूर्य नमस्कार करने के उपरांत इतनी जोर-शोर से पढ़ाई करना चाहिए कि हमारा लक्ष्य प्राप्त हो पढ़ाई के उपरांत भी जो हमने लक्ष्य निर्धारित किया है। तब तक ही हमें नहीं रोकना जब तक हम अपने लक्षण को प्राप्त न कर लें। यह संदेश और संकल्प लेकर हमें आगे बढ़ना है।

### व्यायाम करना बहुत जरूरी

वही वरिष्ठ शिक्षक जोगियाराम भगत ने छात्रों को उत्साहित करते हुए कहा कि हमें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने स्कूल को सबसे आगे लाना है। इसके लिए समस्त छात्रों को अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त करना है और जो अच्छे अंक प्राप्त करते हैं उन बच्चों को मैं अपनी तरफ से अलग से पुरस्कार एवं प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा अग्रसर रहता रहूँगा उन बच्चों को हमेशा मार्गदर्शित करता रहूँगा उनके साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। वही जन कल्याण समाज सेवा समिति के कार्यक्रम समन्वयक द्वारा प्रतिदिन प्राणायाम व्यायाम करना बहुत अनिवार्य बताया जो हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है हमारे शरीर को स्वस्थ,समृद्ध और मजबूत रखने के लिए योग प्राणायाम करना बहुत अति आवश्यक है। स्कूल प्रांगण में आयोजित सुबह के योग प्राणायाम कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि दीनदयाल राजपूत,वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन सिंह आरोलिया,शिवम कुर्मी द्वारा योग अभ्यास कराया गया। साथ ही संस्था से समन्वयक अंकेश पटेल, ब्रजेश कुर्मी सहित बडी संख्या में छात्र मौजूद रहें।

## कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### मकर संक्राति पर्व पर देवपुर मेले को देखते हुए टोल टैक्स पूर्व की भांति इस वर्ष भी शुल्क मुक्त किया जाए



सिरोंज। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को एक ज्ञापन सौंपा में कहा कि सिरोंज से ग्राम देवपुर लगभग 13 किलोमीटर पर आरोन रोड़ पर स्थित है। यहा पर भगवान विश्वनाथ का प्राचीन मंदिर है। मंदिर पर प्रतिवर्ष मकर संकतिं के पर्व पर मेले का विशाल आयोजन किया जाता है उक्त मेले में सिरोंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो व अन्य शहरो से धर्म प्रेमीबंधु एवं माताऐ बहने भगवान विश्वनाथ के दर्शन करने देवपुर आते है जिनकी सख्या हजारो में होती है। ग्राम देवपुर तथा सिरोंज के बीच शासन द्वारा टोलटेक्स नाका बनाया गया है जिस पर प्रत्येक बाहन के निकाले जाने पर कर वसूला जाता है उक्त कर आने एवं जाने का अलग-अलग वसूला जाता है यदि उक्त टोलटेक्स मेले के समय पर 14-15 जनवरी को वसूला जाता है तो धर्मप्रेमियो को अनावश्यक व्यय भार होगा। पूर्व वर्षों में भी उक्त टोलटेक्स पर संकाति मेले के समय कर माफ किया गया था। मकर संकाति मेले को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 14-15 जनवरी को टोलटेक्स नाका आरोन रोड़ पर वाहनो को जनहित में आने जाने के लिये मुक्त टोल टेक्स किया जाए। इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर खांन,अवध नारायण श्रीवास्तव,असलम सिद्धिकी,कमल सिंह यादव,जोगेंद्र जोशी,सादिक कुरैशी,डां. सुब्हान गौरी,मुस्तक गौरी सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात जागरूकता व नुक्कट नाटक का आयोजन



सिरोंज। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात जागरूकता अभियान के तहत नगर के एक विद्यालय मे यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जा रहे ‟राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह” के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाये जाएंगे। इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर एवं थाना प्रभारी विमलेश राय के साथ यातायात प्रभारी रीतेश बघेला ने विद्यालय में यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं स्टाफ को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को राह-वीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन पीड़ति प्रतिकर योजना की जानकारी प्रदान कर, दुर्घटना की स्थिति में सहायता एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाकवि पद्माकर सभागार में होगा भारत पर्व आयोजित

सागर । गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह आयोजन पूर्व की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा सोमवार को कलेक्टर संदीप जी आर ने की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जबावदेंही सौंपते हुए कहा कि जिम्मेदारियों का क्रियान्वयन समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा। पुलिस परेड ग्राउण्ड पर की जाने वाली तमाम व्यवस्थाओं के परिपेक्ष्य में बिदुंवार चर्चा की गई साथ ही विभिन्न विभागो के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील, जनपद स्तर, सभी शैक्षणिक संस्थाओं में गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## डीपीएस सागर में युवा दिवस पर हुआ सूर्य नमस्कार अभ्यास 400 विद्यार्थी हुए शामिल

सागर। दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर में करीब 400 विद्यार्थियों, शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार लगाकर ‘युवा दिवस मनाया। तकरीबन नौ बजे दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रार्थना स्थल पर सूर्य नमस्कार के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी प्रांगण में एकत्र हुए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुला दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। योगाचार्य अमित जैन के नेतृत्व में सभी ने सूर्य नमस्कार आसानों का अभ्यास किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुला ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का मार्ग है।

## महिला जैन मिलन गढ़ाकोटा के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढाकोटा

पहला सुख निरोगी काया के संदेश के साथ एवं परहित सरस धर्म नहीं भाई की भावना से महिला जैन मिलन गढ़ाकोटा एवं अतिशय क्षेत्र पटेरिया जी विकास समिति गढ़ाकोटा के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन गुप्ति धाम चौधरी जैन मंदिर गढ़ाकोटा में किया गया। जिसमें सेल्वी हॉस्पिटल जबलपुर से डॉक्टर विकास सावला डॉक्टर पीयूष जैन सागर, डॉ अंजलि जैन (बी डी एस मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सुयश जैन ,डॉक्टर साक्षी जैन (गाइनेको लॉजिस्ट एवं महिला रोगविशेषज्ञ), डॉक्टर संतोष जैन आयुर्वेदिक शासकीय चिकित्सक गढ़ाकोटा), ने अपनी सेवाएं प्रदान कर करीब 350 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस संदर्भ में मुख्य अतिथि शिल्पी भार्गव ने आयोजित शिविर के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं एवं भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा की इस प्रकार के शिविर से ऐसे लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल जाता है जो बाहर जाकर अपना परीक्षण नहीं करा सकते। सभी चिकित्सक वर्ग ने भी महिला जैन मिलन गढ़ाकोटा के इस शिविर के आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की। सेल्वी हॉस्पिटल जबलपुर से डॉक्टर विकास सावला ने कहा कि हम आज यहां यह बताने आए हैं कि आप अपनी जीवन शैली को सुधार कर किस प्रकार से अपने आप को बीमारी से बचा सकते हैं। और आगे भी इस प्रकार के आयोजन को करने की बात कही।

## प्रधानमंत्री सड़क की जमीन पर बनवाई सीसी सड़क, जरूरतमंद मोहल्ले उपेक्षित

### काका नगर सहित कई मोहल्लों में नाली व सीसी सड़क की कमी से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

नटेरन क्षेत्र में ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। काका नगर, नीम पूरा, बरबट पूरा सहित अन्य मोहल्लों में सीसी सड़क एवं नाली की अत्यंत आवश्यकता होने के बावजूद पंचायत द्वारा इन क्षेत्रों में कोई कार्य नहीं कराया गया। जबकि इन सभी मोहल्लों के प्रस्ताव ग्राम सभा की पहली बैठक में विधिवत रूप से रखे गए थे।

इसके विपरीत पंचायत ने रावण रोड की सड़क के दोनों ओर, जो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) एवं पीडब्ल्यूडी की भूमि है, वहां सीसी सड़क का निर्माण करा दिया। नियमों को दरकिनार कर किए गए इस कार्य से मोहल्ले के रहवासियों में रोष व्याप्त है। काका नगर की स्थिति अत्यंत दयनीय है। यहां न तो नाली है और न ही सीसी सड़क, जिसके कारण हल्की बारिश में भी स्थायी जलभराव जैसे हालात बन जाते हैं। बारिश के मौसम में रहवासी इस समस्या की शिकायत कलेक्टर तक कर चुके हैं, इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पानी निकासी न होने से आए दिन विवाद की स्थिति बनती रहती है और लोगों को कीचड़ से होकर निकलना पड़ता है।

मोहल्ले की महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



### हिंदू सम्मेलन में सामाजिक एकता की झलक दिखाई दी

ग्यारसपुर। तहसील मैदान पर सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली। छापर मोहल्ला से निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिन्हें नागरिकों ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। मंचासीन संत-महात्माओं को शाल, श्रीफल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मूडरी धाम के परशुराम दास महाराज ने गौ माता की रक्षा और सनातन धर्म संरक्षण पर जोर दिया, जबकि मृगन्नाथ धाम के ब्रह्मचारी महाराज ने समाज में एकजुटता और गौ संरक्षण का संदेश दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह गुलाब सिंह कुशवाह ने संघ की शताब्दी और पंच-परिवर्तन पर प्रकाश डाला। बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी माहौल सजीव हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरित की गई।

## माला देवी मंदिर में सूर्य नमस्कार किया, स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाने संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर की ऐतिहासिक धरोहर माला देवी मंदिर परिसर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर युवा दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, मोहनपुर खंदा के युवाओं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कर स्वस्थ, सशक्त और जागरूक समाज निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष सीताराम कुशवाहा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को उनके विचारों आत्मविश्वास, अनुशासन, सेवा और राष्ट्र निर्माण को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशामुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य और



सामाजिक सहभागिता के माध्यम से गांव व समाज के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया,इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने और सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी भागवत लोधी, युवराज सिंह लोधी, विकास साहू और अनिल कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

### रामकथा के लिए कलश यात्रा 14 को निकलेगी

शमशाबाद। बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण डंगरवाड़ा में 9 दिवसीय संगीतमयी रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। रामकथा 15 जनवरी से शुरू होकर 23 जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर समापन किया जाएगा। कथा का वाचन पंडित अंकुर माधव महाराज के मुखारविंद से होगी। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

### साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विवेकानंद जयंती मनाई

विदिशा। सोमवार को साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में आरएसएस के प्रचारक प्रेम सिंह धाकड़ जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार, राष्ट्रसेवा एवं लक्ष्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम से विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा मिली।

## सहकार भारती के 47वें स्थापना दिवस पर 'पंच परिवर्तन' का आह्वान: समाज सेवा और शुद्धिकरण पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

लटेरी के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में रविवार को सहकार भारती का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सहकारिता के माध्यम से अंत्योदय की परिकल्पना और संगठन के विस्तार पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत तहसील अध्यक्ष प्राण रघुवंशी द्वारा अतिथियों के आत्मीय स्वागत के साथ हुई।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सहकार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन ताम्रकार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ₹समाज हमारा आराध्य है और सेवा हमारे संस्कार।₹ उन्होंने रेखांकित किया कि 1979 से कार्यरत यह संगठन आज देश के 27 राज्यों और 600 से अधिक जिलों में अपनी पैठ बना चुका है। ताम्रकार ने 'सर्वे भवंतु सुखिनः के मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा देश के गरीब, वंचित, दलित और शोषित वर्ग का स्थायी आर्थिक विकास केवल सहकारिता आंदोलन के माध्यम




से ही संभव है। स्वावलंबन, स्वदेशी और स्वरोजगार ही हमारी प्रगति के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने जानकारी दी कि सहकार भारती के 21 विभिन्न प्रकोष्ठ (जैसे जिला केंद्रीय बैंक, दुग्ध संघ, बुनकर समिति, और स्व-सहायता समूह) युवाओं, किसानों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'पंच परिवर्तन' अभियान पर विशेष चर्चा की गई। इसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और सहकारिता के मूल सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना है।

### शुद्धिकरण पर दिया बल

प्रदेश प्रचार-प्रसार प्रमुख राहुल गुप्ता ने अपने संबोधन में एक महत्वपूर्ण आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों, प्रबंधकों और निदेशकों को सामूहिक प्रयास करने चाहिए ताकि सहकारिता क्षेत्र का शुद्धिकरण हो सके और व्यवस्था अधिक पारदर्शी एवं जनहितैषी बने। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती और कार्य विस्तार हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, संबोधन के दौरान सहकार भारती के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा और प्रदेश स्व-सहायता प्रभारी सुमन नंदयाल ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। जिलाध्यक्ष द्वारा जिला एवं तहसील स्तर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। तथा कार्यक्रम का सफल जिला महामंत्री नारायण सिंह रघुवंशी ने किया।

### नितिन गड़करी के आगमन को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। जिला मुख्यालय पर केंद्रीय मंत्री द्वय नितिन गड़करी और शिवराज सिंह चौहान के 17 जनवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर किए जाने वाले प्रबंधों का जायजा लिया गया है। पुरानी कृषि उपज मंडी में की जा रही तैयारियों का रविवार को विदिशा विधायक मुकेश टंडन और कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने संयुक्त रूप से भ्रमण कर व्यवस्थाओं के मद्देनजर अब तक क्रियान्वित कार्यो का अवलोकन किया। साथ ही और बेहतर प्रबंधनों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। निरीक्षण भ्रमण के दौरान विदिशा जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, समेत अन्य विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों से गूंजा सांदीपनि विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में सांदीपनि विद्यालय कुरवाई में राष्ट्रीय युवा दिवस गरिमा के साथ मनाया गया। जहां युवाओं और छात्रों ने विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि एसडीएम मनीष जैन एवं अन्य सभी अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। साथ ही विद्यालय की छात्राओं ने मधुर 'सरस्वती वंदना' और स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। तदुपरांत विद्यालय प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का जो मंत्र दिया था, वह आज के आधुनिक युग में भी उतना ही प्रासंगिक है। इसके बाद राज्य स्तर से संचालित कार्यक्रम के सभी अंगों का सभी ने पूर्ण मनोभाव से अनुसरण किया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश शर्मा, बीईओ केएस बागड़ी, सीएमओ राजेश कंकड़, बीआरसी अनूप तिवारी एवं अनेक गणमान्य नागरिकों के साथ समस्त विद्यालय परिवार व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यालय प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय माध्यमिक विद्यालय प्रभारी मीनाक्षी जैन सहित विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह राजपूत ने किया।

**खबर संक्षेप**

### नदी में मिली युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**सिलवानी।** थानांतर्गत जुनिया पुल नदी पर शाम के समय एक युवक की लाश पानी में तैरती पाई गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर पंचनामा बनाया तथा शव को पीएम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि मृतक हृदेश यादव 25 साल पिता प्रकाश यादव निवासी सिलवानी सोमवार को दोपहर के समय अपने एक साथी के साथ पिकनिक करने नदी पर गया था। मृतक शराब पीने का आदि था। मृतक के साथी ने अपने बयान में बताया की वह मृतक के कहने पर सामान लेने चला गया। वापिस आने पर वह नदी में डूबा हुआ मिला। एसडीओपी ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पीएम के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा।

### सृजन किशोर सशक्तीकरण कार्यक्रम का हुआ समापन




**रायसेन।** सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रायसेन जिला पुलिस द्वारा आयोजित "सृजनः किशोर सशक्तीकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम" का विधिवत समापन पुलिस उपमहानिरीक्षक विनीत कपूर के मुख्य आतिथ्य में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा की गई। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीआईजी विनीत कपूर ने कहा कि "सृजन" जैसे कार्यक्रमों का मूल उद्देश्य पुलिस और जनता, विशेषकर युवाओं के बीच की दूरी को कम करना है। उन्होंने कहा कि किशोर अवस्था जीवन का वह पड़ाव है जहाँ सही मार्गदर्शन मिलने पर एक युवा राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहने की प्रेरणा दी।



## जिला मुख्यालय पर खेल स्टेडियम में 3 हजार अधिक बच्चों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

# स्वामी विवेकानंद जी के विचार युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करते हैं : मंत्री पंवार

- प्रभारी मंत्री ने स्वामी विवेकानंद जी का संदेश उठो-जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो को दोहराया
- जिलेभर के स्कूल-कॉलेजों एवं सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्र छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार
- स्वामी विवेकांनद जी की वाणी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश को सभी ने सुना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस पर जिले के सभी स्कूल-कॉलेजों, आश्रम-शालाओं सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए। वहीं शहर के खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार में प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिपं अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह सहित लगभग 3 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया और अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम आदि योगासन किए।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री पंवार ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करते हैं तथा सभी को स्वामी विवेकानंदजी के आदर्शों और विचारों से प्रेरित होकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग हमारी भारतीय परम्परा का हिस्सा है। योग से सभी का बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक विकास होता है और क्षमताओं में वृद्धि होती है।

उन्होंने ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का "उठो-जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो" का संदेश परमात्मा द्वारा व्यक्ति को प्रदान किए गए असीम ऊर्जा के भण्डार का अनुभव कराकर अपने स्वप्न और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी क्षमता से प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है।

कार्यक्रम को नपाध्यक्ष सविता जमना सेन ने भी संबोधित किया। सूर्य नमस्कार में एसपी आशुतोष गुप्ता, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एएसपी कमलेश कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे।




## योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने दिया संदेश

**बाड़ी।** नगर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय युवा दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 9 बजे से सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य सुमन तिवारी द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के तहत सामूहिक योग अभ्यास संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में योग शिक्षक योगाचार्य अरविंद शर्मा, एनसीसी अधिकारी एसआर मालवीय के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं स्टाफ ने सूर्य नमस्कार सहित योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। योगाचार्य अरविंद शर्मा ने योग एवं सूर्य नमस्कार से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर प्राचार्य सुमन तिवारी ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया।



कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण श्रीमती सोनू बघेल, कमलेश कुमार अहिरवार, श्रीराम शिल्पी, देवेंद्र नौरिया, शोभाराम रघुवंशी, अजय शर्मा, ब्रजेश साहू, राधेलाल चौहान, पुष्पा धाकड़, कविता कावरे, साक्षी तारण, अनीता भावसार, शिवाजी तोमर, सलोनी आचार्य, परसराम शिल्पी, किरण मरावी, भुवनेश कुमार चौहान, प्रियंका गोर, राजेंद्र कुमार चौखटिया, जानकी राय, अनुपमा धाकड़, सईद खान, आधार सिंह चिचाम, अर्पित सिंह एवं सुमित माझी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उत्साह से किया सूर्यनमस्कार

**दीवानगंज।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस एवं युवा दिवस पर पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज, माध्यमिक शाला अंबाडी, एकीकृत माध्यमिक कन्या शाला दीवानगंज, पीएमश्री हाई स्कूल सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया सहित क्षेत्र के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनुशासन के साथ सूर्य नमस्कार किया।

कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य लाभ एवं नियमित योग अभ्यास के बारे में जानकारी दी। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



## चरित्र निर्माण, राष्ट्र सेवा और लक्ष्य प्राप्त करना जरूरी : चौधरी

**बरेली।** नगर के शासकीय बालक हाई सेकंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। योग शिक्षकों द्वारा योग प्राणायाम व्यायाम सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास कराने के साथ शरीर को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। नगर के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ गणमान्य नागरिकों द्वारा सामूहिक योग क्रियाओं का अभ्यास किया।

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर छात्रों का लक्ष्य सर्वोत्तम शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने निरंतर अध्यन के साथ समाज सेवा चरित्र निर्माण और स्वस्थ जीवन के लिए योग अभ्यास को जरूरी बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य केके वानी, वीआरसी आरसी राजपूत, एसडीएम संतोष मुद्गल, नायब तहसीलदार उईके, पूरन सिंह धाकड़, बीएस किरार, जेपी ठाकुर, विजय उपाध्याय, हिमकर उपाध्याय, संजय शर्मा, राजेश साहू ,राधेश्याम पालीवाल इत्यादि की विशेष उपस्थिति रही।

### कलेक्टर के निर्देश- मरीजों को बेहतर इलाज मिले

## सीएमएचओ ने सरकारी अस्पतालों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को बेहतर और समुचित इलाज मिले, इसके लिए कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री तथा स्वास्थ्य अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। जिनके परिपालन में सीएमएचओ डॉ खत्री द्वारा सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का समीक्षा की जा रही है।

सोमवार को सीएमएचओ डॉ खत्री द्वारा गैरतगंज, बेगमगंज में शासकीय अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। गैरतगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए सीएमएचओ डॉ खत्री ने विभिन्न वार्डो में जाकर मरीजों से चर्चा कर उपचार तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली।



इसके साथ ही प्रसूति गृह, ऑपरेशन थिएटर, शिशु वार्ड का भी भ्रमण कर दवाईयों की उपलब्धता, स्वास्थ्य उपकरणों तथा सेवाओं की उपलब्धता, आपातकालीन स्थिति में उपचार व्यवस्था की जानकारी लेते हुए बीएमओ डॉ संदीप यादव सहित अन्य डॉक्टरो और स्टॉफ को निर्देश दिए कि अस्पताल का संचालन नियमानुसार हो।

इसी प्रकार बेगमगंज में भी अस्पताल और स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण करते हुए मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।

## युवा दिवस पर झांकियों के साथ निकाली स्वामी विवेकानंद की विशाल शोभायात्रा

### 15 दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ समापन, पुरस्कार बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के प्रथम प्राइवेट प्रिंसटन कॉलेज में 15 दिवसीय खेल महोत्सव का उत्साहपूर्वक आयोजन हुआ छात्र-छात्राओं युवाओं द्वारा विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाने के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न झांकियों को ट्रैक्टर ट्रालियों पर सजाकर संपूर्ण नगर में भ्रमणकर देश भक्तिपूर्ण वातावरण का निर्माण किया गया।

कॉलेज में हुए युवा दिवस कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, त्रिभुवन सिंह ठाकुर, गिरीश पालीवाल, रविंद्र सिंह रघुवंशी, राजकुमार चौहान, हरगोविंद सिंह, हीरेंद्र मालवीय, वीएस किरार, अवध नारायण सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ सहित अन्यों की उपस्थिति रही। वक्ताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरक प्रसंगों का वर्णन करते हुए छात्र-छात्राओं से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।




**नगर के मुख्य मार्गों से निकाली शोभायात्रा**

◆ स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती युवा दिवस के रूप में मनाने छात्र-छात्राओं युवाओं द्वारा नगर में स्वामी विवेकानंद भारत माता सहित लगभग आधा दर्जन झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा वाहन रैली का स्वागत किया गया नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, पार्षदों, नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया।

### पूजा-अर्चना व भंडारे का होगा आयोजन

## लगातार 25वें वर्ष निकलेगी मां नर्मदा तट बौरास पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

देश-दुनिया में सुख, शांति और समृद्धि की कामना को लेकर नगर से एक बार फिर आस्था और श्रद्धा की पदयात्रा निकलने जा रही है। नगर के युवा समाजसेवी एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश राय के नेतृत्व में माँ नर्मदा तट बौरास तक की पदयात्रा इस वर्ष अपने 25वें वर्ष में प्रवेश कर रही है।

यह पदयात्रा बुधवार को नगर के माँ विजयासन मंदिर से प्रारंभ होकर लगभग 38 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए मां नर्मदा तट बौरास में संपन्न होगी।

जानकारी के अनुसार यह पदयात्रा वर्ष 2000 से निरंतर आयोजित की जा रही है। प्रारंभिक वर्षों में यह यात्रा व्यक्तिगत संकल्प के रूप में शुरू हुई थी, लेकिन समय के साथ इसमें श्रद्धालुओं और युवाओं की सहभागिता बढ़ती चली गई। आज यह पदयात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बन चुकी है, बल्कि सामाजिक एकता का संदेश भी दे रही है।

पदयात्री मुकेश राय ने बताया कि यात्रा की शुरुआत बुधवार सुबह माँ विजयासन मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की जाएगी। इसके पश्चात पदयात्री पूरे उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ माँ नर्मदा तट बौरास की ओर प्रस्थान करेंगे।

उन्होंने बताया कि बौरास पहुँचने के बाद माँ नर्मदा की पूर्ण विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### प्रेसवार्ता में सवाल रोकने में जुटी भाजपा

## मुद्दों से बचते दिखे प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) वीबी जी रामजी को लेकर के भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार की पत्रकार वार्ता योजना से ज्यादा अव्यवस्था, जवाबहीनता और अहंकार के कारण चर्चा में रही।

सरकार जहां 125 दिन रोजगार की गारंटी और पारदर्शिता के दावे कर रही है, वहीं जमीनी सवालों पर प्रभारी मंत्री पंवार मंत्री और स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र सिंह शिवाजी पटेल, भाजपा नेतृत्वपू र्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, अध्यक्ष राकेश शर्मा निरुत्तर व असहज नजर आया। पत्रकारों द्वारा जैसे ही भोपाल सांची रोड निर्माण में हो रही देरी, पार्टी के नेताओं द्वारा रास्ता बदलकर निकलने, हलाली नलजल योजना और राज्य पर 40 प्रतिशत वित्तीय बोझ जैसे सवाल उठाए गए। मंच पर बेचैनी साफ दिखी।




इन सवालों का ठोस जवाब देने के बजाय भाजपा अध्यक्ष शर्मा ने पत्रकारों को टोकते हुए केवल वीबी जी रामजी से जुड़े सवाल पूछने की नसीहत देते रहे। जिससे प्रेस की स्वतंत्रता पर सवाल खड़ा हो गया।

### समरसता सम्मेलनः पंच परिवर्तन संकल्प के साथ एकजुट हुआ सकल हिंदू समाज

## समाज में समरसता केवल मंचों से नहीं, व्यवहार में लाने से आएगी : सुरेंद्र

### युवा राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं : सुरेंद्र सोलंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के गढ़ी मंडल में शुक्रवार को सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और संगठनात्मक मजबूती का सशक्त मंच बनकर उभरा। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचलों से आए महिला-पुरुषों की सहभागिता ने यह स्पष्ट कर दिया कि समाज में एकता और समरसता को लेकर व्यापक जागरूकता बढ़ रही है।

कार्यक्रम से पूर्व मातृशक्ति द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं एवं बहनों शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की आरती एवं जयघोष के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र जी सोलंकी रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज समाज के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिनका समाधान केवल संगठित और समरस समाज के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है और जब समाज जाति, वर्ग व क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर सोचेगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा।




सोलंकी ने अपने संबोधन में पंच परिवर्तन की अवधारणा पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का अपनापन, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य जैसे विषय आज के समय में अत्यंत आवश्यक हैं। यदि समाज इन पांच बिंदुओं को अपने जीवन में उतार ले, तो न केवल सामाजिक बुराइयों पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी सशक्त दिशा दी जा सकती है। समाज में समरसता केवल मंचों से नहीं, बल्कि व्यवहार में लाने से आएगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

सम्मेलन में उत्तराखंड से पधारे संत महापुरुष ने भी उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। कार्यक्रम में महंत माधव दास जी एवं दीदी पूनम तिवारी ने भी अपने विचार रखे।

### नरखेडा मंडल के बेरखेड़ी चौराहे पर हुआ सकल हिंदू समरसता सम्मेलन

**दीवानगंज।** नरखेड़ा मंडल के अंतर्गत सकल हिंदू समरसता सम्मेलन बेरखेड़ी चोराहा के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण पर सोमवार को रखा। जिसमें सकल हिन्दू समाज की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि महेंद्र प्रजापति प्रमुख वक्ता के रूप में सकल हिंदू समाज को एक रहने ओर पंच परिवर्तन के विषय में जानकारी दी। उत्तराखंड से आये संतों ने अपने उद्बोधन में भी हिंदू समाज को एक रहने का संदेश दिया। सम्मेलन में मंडल नरखेड़ा के संयोजक प्रेम सिंह ठाकुर, सहसंयोजक संतोष शर्मा रामजानकी मंदिर पुजारी उपस्थित रहे। सम्मेलन में सभी ने समरसता भोज किया।

### हिंदू सम्मेलन को लेकर विशाल वाहन रैली का हुआ आयोजन



**बाड़ी।** संघ शताब्दी वर्ष पर नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर वाहन रैली का आयोजन किया। वाहन रैली शिवालय मंदिर प्रांगण से भारत माता और जय श्रीराम के उद्घोष से प्रारंभ हुई। ये चिंतामन चौराहे से बकतरा रोड हाइवे मां कर्मा पेट्रोल पंप से होते हुए मुख्य बाजार रोड होते हुए बाड़ी कला में जैन लाइन से होते हुए हिन्दू सम्मेलन के कार्यक्रम स्थल पर भारत माता की आरती के साथ दशहरा मैदान मंगलवारा बाजार में इस यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।